## खबर संक्षेप

### लाडो अभियान के तहत बाल विवाह के बताये दुष्प्रभाव एवं रोकने दिलाई शपथ

**छिंदवाड़ा।** बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दुःखद है। हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है ।बाल विवाह की सूचना के लिए टोल फ्री नम्बर 181,112, ओर1098 पर दे सकते ,सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हे । इन सभी विषयो पर जानकारी देने ,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शिवहरे के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी श्याम सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन मे जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम पिंडरई कला मे किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शयामल राव ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं छात्राओ को बताया की बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करना एवं करवाना कानुनन अपराध हे । एसा करने वाले व्यक्ति को दो लाख का जुर्माना एवं एक वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान हे ,वही सामूहिक विवाह आयोजनों में अगर बाल विवाह की घटनाएं होती है तो आयोजकों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई इस कानून के तहत सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू है इसलिए कोई सम्प्रदाय विशेष इस कानून से परे होने का दावा कोई नही कर सकता है।

## छिंदवाड़ा में मामूली रकम ने ली एक जान, कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

# 350 रूपए के विवाद में हत्या, सिसोदिया ढाबा बना खून का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रोहनाकलां में गुरूवार की दोपहर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। गुरैया क्षेत्र स्थित सिसोदिया ढाबे में काम करने वाले इस युवक की हत्या के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। एक जनवरी को जब जिले में चारों तरफ नए वर्ष के आगमन की खुशियां मनाई जा रही थी और होटल ढाबों में नए वर्ष की धूम और भीड़भाड़ का माहौल था वहीं सिसोदिया में ढाबे में रसोईया का काम करने वाला कमलनाथ मर्सकोले ढाबे पर ही था। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और विवाद करते हुए चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस और एफएसएल की टीम जल्द ही घटनास्थल पर पहुंच गई और क्षेत्र को अपने कब्जे में लेते हुए घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए तथा कुछ संदिग्धों को राउंड अप भी किया गया है। देहात थाना क्षेत्र निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को हिरासत में ले लिया जाएगा। बारिकी से जांच की जा रही है।



### मात्र 350 रूपए के लिए युवक की हत्या बना बड़ा सवाल

शहर के सिसोदिया ढाबा में महज़ 350 रूपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने एक व्यक्ति की जान ले ली। मामूली रकम पर शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढाबे पर मामूली विवाद पर 350 के भुगतान को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गई। इसके बाद आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की पहचान कर ली गई है। कुछ लोगों से पूछताछ जारी है, वहीं आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### सार्वजनिक स्थानों में भी सुरक्षित नहीं है आम आदमी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ढाबों और सार्वजनिक स्थानों पर आए दिन होने वाले विवादों पर पुलिस की निगरानी कमजोर है, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब ढाबा जैसे सार्वजनिक स्थान पर इतनी बेरहमी से हत्या हो सकती है, तो आम लोगों की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है? फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों व घटनाक्रम की पूरी तस्वीर साफ हो सकेगी।

## 2 विद्यार्थियों के नवाचारों ने प्रदेश के टॉप 10 में बनाई जगह

**अब इंस्पायर अवॉर्ड की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के लिए यह गौरव और उत्साह का क्षण है, क्योंकि जिले के 02 होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और नवाचार के बल पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच बनाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन विभाग भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड–मानक योजना के अंतर्गत आयोजित, राज्य स्तरीय प्रदर्शनी/ प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप 10 में जगह बनाने में सफलता पाई है।

राज्य स्तर पर सहभागिता के लिए जिले से 33 विद्यार्थी चयन उपरांत शामिल हुए थे, उनमें से मध्यप्रदेश के टॉप-10 विद्यार्थियों में छिंदवाड़ा के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये दोनों ही छात्राएं हैं। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का प्रमाण भी है। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित विद्यार्थियों में पहला नाम नम्रता चंद्रवंशी पिता श्री भगवान दास चंद्रवंशी का है, जो शासकीय माध्यमिक शाला गुरैया, विकासखंड अमरवाड़ा की छात्रा हैं। नम्रता ने कृषि क्षेत्र से जुड़ी एक व्यावहारिक समस्या को समझते हुए "सीड ड्रिल में ड्रिल इंडिकेटर सिस्टम" नामक प्रोटोटाइप प्रस्तुत किया। यह नवाचार किसानों को बीज बोने की प्रक्रिया में सटीकता और सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित है, जिससे कृषि उत्पादन को बेहतर बनाया जा सकता है।

राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित दूसरी छात्रा, पूर्वा कहार पिता श्री रवि कुमार कहार हैं।

## फिर आया अतिक्रमण विरोधी दस्ता, कड़ी कार्यवाही के अभाव में फिर होता है अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त श सी.पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के तहत परासिया रोड स्थित एम.पी.ई.बी. कार्यालय के पास फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही सर्किट हाउस से बी.एस.एन.एल. कार्यालय तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से बांस, बल्ली, तिरपाल एवं गुमठियों को जब्त कर फटका मशीन में रखवाया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



### सांसद आज मैहर में अमर शहीद संपत साहू के जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे

**छिंदवाड़ा।** साहू समाज मैहर के द्वारा अमर शहीद संपत साहू की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू 2 जनवरी को मैहर जाएंगे। उल्लेखनीय है कि साहू समाज के विभिन्न संगठनों के द्वारा प्रदेश सहित देश भर में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आमंत्रण पर सांसद बंटी विवेक साहू कार्यक्रमों में शामिल भी हो रहे है। इसी के तहत मैहर में 2 जनवरी को आयोजित हो रहे अमर शहीद संपत साहू की जयंती के कार्यक्रम में भी सांसद बंटी विवेक साहू शामिल होंगे।

## 85,335 रूपये बकाया पाये जाने पर एक यात्री वाहन किया जप्त

**परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा तामिया-झिरपा-चांवलपानी मार्ग पर चलाया गया विशेष जांच अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज तामिया- झिरपा-चांवलपानी मार्ग पर छोटे-बड़े व्यावसायिक वाहनों को रोककर उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक के वैध लायसेंस एवं बकाया म.प्र. मोटरयान कर आदि की जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 28 पी 0742 (यात्री बस) को दस्तावेज न होने पर एवं वाहन पर म.प्र. मोटरयान कर 85,335 रूपये बकाया पाये जाने पर वाहन जप्त कर माहुलझिर पुलिस थाना में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। साथ ही समस्त वाहन संचालकों/ चालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।



## धार्मिक स्थल और पिकनिक स्पॉट में उमड़ा जनसैलाब



**जुन्नारदेव।** नए वर्ष के आगमन पर क्षेत्रवासियों द्वारा दिन की शुरुआत धार्मिक स्थल पर पूजा पाठ अथवा पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचकर प्रकृति का सुंदर अनुभव के साथ किया गया। 01 जनवरी को नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न दार्शनिक स्थलों में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर की प्रसिद्ध देव स्थलीय पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में सुबह से ही लोग अविरल जलधारा में स्नान कर पूजन अर्चन करते नजर आए देर शाम तक जुन्नारदेव विशाला में मेला लगा रहा। इसके अतिरिक्त नगर के प्राचीन सुकरी हनुमान मंदिर, सांई मंदिर, पेंच नदी, भूरा बाबा टेकड़ी, गिरजा माई, लोधेश्वर धाम मंदिर आदि धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों ने पूजा अर्चन के साथ अपने दिन की शुरुआत की और देर रात्रि तक पिकनिक का आनंद लिया।

## आज से प्रारंभ होगा अतिथि शिक्षकों का धरना आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर छिंदवाड़ा जिले में भी आज से तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन कार्यक्रम का आगाज होगा छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि बिगत कई लंबे अरसे से अतिथि शिक्षक प्रदेश के विभिन्न शासकीय विद्यालयो में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। और सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम भी अच्छा ला रहे है।जबकि अतिथि शिक्षकों की भोपाल में महापंचायत के बाद भी प्रदेश के अतिथि शिक्षकों का भविष्य आज दिनांक तक किसी भी सरकार ने सुरक्षित नहीं किया है। जिसके चलते जिला अतिथि शिक्षक संघ द्वारा अपनी लंबित मांग नियमितीकरण सहित विभागीय पात्रता परीक्षा को लेकर पूरे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के आह्वान पर धरना प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे। श्री कहार ने जिले के समस्त अतिथि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से आह्वान किया है कि सभी अतिथि शिक्षक छिंदवाड़ा जिले में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान कर अपने हक अधिकार को पाने के लिए सहयोग पकरें और अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**कार्यक्रम छिंदवाड़ा जिले भर के अतिथि शिक्षक जुड़ेंगे मैदान में प्रदेश स्तरीय आह्वान पर तीन दिवसीय आंदोलन का किया गया ऐलान**

## दिवांगत जनों को अर्पित की गई श्रध्दांजलि

**लोगों के सुख दुख में शामिल हुए सांसद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर आमजनों और अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद बंटी विवेक साहू के स्वभाव में शामिल हैं।जिलेवासियों और अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू बुधवार को अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के सुख दुख में भी शामिल हुए।

इसी के तहत सांसद श्री साहू ने ग्राम लोनी बर्रा के भाजपा बूथ अध्यक्ष सोनू राजबंशी के पिताजी के निधन के उपरांत उनके निवास पहुँच कर दुख व्यक्त किया, वही आम गाँव पांजरा निवासी मुरारी शुक्ला के पिताजी के निधन के उपरांत उनके निवास पहुँच कर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं जताई और मृतात्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परमपिता परमेश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की। वही बाँसखेड़ा निवासी अजेश चैरिया के पिताजी के निधन के उपरांत उनके निवास पहुँच कर दुख व्यक्त किया।



### सांसद कल मैहर में अमर शहीद संपत साहू के जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे

**छिंदवाड़ा।** साहू समाज मैहर के द्वारा अमर शहीद संपत साहू की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू 2 जनवरी को मैहर जाएंगे। उल्लेखनीय है कि साहू समाज के विभिन्न संगठनों के द्वारा प्रदेश सहित देश भर में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आमंत्रण पर सांसद बंटी विवेक साहू कार्यक्रमों में शामिल भी हो रहे है। इसी के तहत मैहर में 2 जनवरी को आयोजित हो रहे अमर शहीद संपत साहू की जयंती के कार्यक्रम में भी सांसद बंटी विवेक साहू शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह भी शामिल होंगे।

## आज फिर बिखरा नया प्रकाश, नए सूर्य की किरणों को हम घर-घर तक पहुंचाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मातृभूमि के आँगन में मंगलदीप सजाने के संकल्प लेकर वर्ष 2025 को विदाई तथा 2026 का अभिनंदन करने के लिए 31 दिसंबर को नववर्ष की पूर्व संध्या पर छिंदवाड़ा के चंदन गांव स्थित श्रीराम कॉलोनी में गौर परिवार में एक कवि-गोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया। आयोजन के अध्यक्ष थे आकाशवाणी के पूर्व उद्घोषक श्री अवधेश तिवारी, मुख्य अतिथि श्री नेमीचंद 'व्योम' एवं विशिष्ट तिथि श्री ओमप्रकाश 'नयन'। जाने-माने व्यंग्यकार श्री विशाल शुक्ल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले नगर के प्रमुख रचनाकार थे, इंद्रजीत सिंह ठाकुर, शशांक पारसे, हरिओम माहोरे, राजेंद्र यादव, श्रीमती ज्योति गुप्ता, अनुराधा तिवारी, श्रीकांत सराठे, राहुल सूर्यवंशी, यशस्वी यश, राहुल चौरिया, द्वारका प्रसाद सूर्यवंशी, अनिल ताम्रकार 'प्यासा', शशांक दुबे, गेंदलाल बाविस्टाले,दीपक गौर, विनोद सनोडिया, जय साबरा (उमरिया से), मनीष तारण (अमरवाड़ा से ) भोले नेमा 'चंचल' (हर्रई से), छिंदवाड़ा से श्रीमती पदमा जैन तथा ओमेश्वर सूर्यवंशी । कार्यक्रम का शुभारंभ देवी वीणापाणि के समक्ष दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ तथा श्री नंदकुमार दीक्षित ने अपने शब्द- सुमन समर्पित कर देवी की गरिमामय वन्दना प्रस्तुत की। ठीक अर्ध रात्रि के समय नए वर्ष का शुभारंभ होते ही कार्यक्रम-अध्यक्ष ने समूहगान के रूप नववर्ष का अभिनंदन करते हुए अपना एक गीत प्रस्तुत किया-नए सूर्य की किरणों को हम घर-घर तक पहुँचाएँगे,मातृभूमि तेरे मंदिर में मंगल-दीप सजाएँगे ।

## सिंगोड़ी विद्युत मंडल के लाईन मेन जयनारायण भार्गव को दी गई विदाई

**सिंगोड़ी।** किसी ने सच ही कहा है कि जब किसी से लगाव हो जाता है तो एक गीत हमेशा याद आता है ऐसा ही वाकया आज सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र में देखने को मिला जहां बिजली विभाग के वरिष्ठ लाईन परिचारक जयनारायण भार्गव की विदाई हो रही थी।जिस पर देखने को मिला तब ये गीत सभी ने साझा किया कि चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना कभी अलविदा न कहना ओर छलक उठे आंसू श्री भार्गव ने सिंगोड़ी में अपना 42 वर्ष का शानदार कार्यकाल को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया। बिजली विभाग में नौकरी कर अपने सारे कर्तव्यों का निर्वहन किया इस अवसर पर इनकी ईमानदारी और लगनता के साथ कार्य करने के दौरान इनका विभागीय नॉलेज भी रहा। आज अपनी नौकरी से सेवानिवृत होने पर समस्त विद्युत मंडल के कर्मचारियो ने इनका स्वागत सत्कार कर भावभीनी विदाई दी। सब स्टेशन कार्यालय पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन बिजली विभाग के समस्त कर्मचारियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि भार्गव जी बिजली विभाग के लिए रीढ़ की हड्डी है जो बड़े ही ईमानदार और कुशलता के धनी व्यक्ति है।



### सांसद ने मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## डॉक्ट्ररों के टीमवर्क व शैक्षणिक परिवेश ने सिम्स को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के डॉक्ट्ररों के टीमवर्क व शैक्षणिक परिवेश ने सिम्स को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने मेडिकल कॉलेज में आयोजित अलंकृत फेस्ट का भव्य ग्रैंड फिनाले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अवसर पर कही। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजुद सभी लोगों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी, साथ ही प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। जिसमें पिछले दिनों एक हार्ट अटैक के एक मरीज को सड़क पर ही सीपीआर देकर उसकी जान बचाने वाले सह प्राध्यापक मेडिसिन विभाग के डॉ. दिनेश ठाकुर को विशेष रूप से सम्मानित भी किया।



उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (सिम्स), छिंदवाड़ा में आयोजित अलंकृत फेस्ट का ग्रैंड फिनाले बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 31 दिसबर की रात आयोजित समारोह में प्रतिभागियों ने नृत्य, संगीत और मंचीय प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मिस्टर एंड मिस सीआईएमएस की घोषणा की गई। इस प्रतिष्ठित खिताब में यश दुबे को मिस्टर सीआईएमएस तथा राशि चतुर्वेदी को मिस सीआईएमएस चुना गया।समारोह की गरिमा को बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बंटी विवेक साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में महापौर विक्रम अहके, कलेक्टर हरेंद्र नारायण, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार , एजीएम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद राजपूत, पप्पु ठाकुर शामिल रहे। संस्थान की ओर से डीन प्रो. डॉ. अभय कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समन्वय कल्चरल नोडल ऑफिसर डॉ. हेमंत अहिरवार एवं डॉ. प्रतिमा वर्मा ने किया।आयोजन को सफल बनाने में डॉ. विवेक वाघमारे, डॉ. नितिन गोसेवाड़े, डॉ. रूपेश साहू, डॉ. अर्चना कोटी, डॉ. भूपेश कुशराम, डॉ. तपेश पौनिकर, डॉ. तुषार तल्हान, डॉ. अवनी श्रीवास्तव, डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. अनुनेय लाल, डॉ. परवेंद्र पंवार, डॉ. अंजली साहू एवं डॉ. अनुराग विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के संचालन में प्रियेश सहारे तथा रितेश कुमार की अहम भूमिका रही। मंच प्रबंधन का दायित्व आशी सक्सेना, आर्यन उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## विधायक विजय चौरे ने किया त्रिमूर्ति का अभिषेक पूजन, दिन में भी मिलेगा भक्तों को प्रसादम का लाभ

# जामसांवली मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



कैलेंडर का पन्ना बदलने के साथ ही सौसर क्षेत्र में गुरुवार को नए साल 2026 का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक व्हाट्सएप फेसबुक पर लोग एक दूसरे को बधाई देते हुए नजर आए,क्षेत्र के प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र से भी हजारों भक्तों ने पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन के साथ में नए वर्ष का स्वागत किया,इस दौरान क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चमत्कारी हनुमान मंदिर, जाम सांवली में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।मंदिर समिति द्वारा भीड़ को देखते हुए विशेष सुरक्षा और दर्शन की व्यवस्था की गई थी। 31 दिसंबर के रात्रि से ही मंदिर में भक्तों का आने का सिलसिला शुरू हो गया था,गुरुवार को प्रातः 4 बजे होने वाली महाआरती में हजारों भक्तों ने एक साथ होकर जयश्री राम का जय घोष करते हुए अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि ऐश्वर्य की प्रार्थनाये की, चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख से अधिक भक्तों ने दो दिनों में श्री मूर्ति के दर्शन और पूजन किया है।इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी एवं पुलिस प्रशासन की ओर से भक्तों के लिए पेयजल, स्वास्थ्य, पार्किंग, महाप्रसाद, सुरक्षा, एंबुलेंस, आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई थी, साथ ही सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मंदिर के हर छपे चप्पे पर निगरानी भी रखी गई थी, नए वर्ष पर विधायक विजय चौरे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन करते हुए क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की है।

### पर्यटक स्थलों पर लोगों ने पहुंचकर मनाया नया साल

पर्यटक स्थल जैसे पांढुर्णा छिंदवाड़ा मार्ग पर बने हुए घोगरा, रामाकोना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली राधादेवी, मोहगाव हवेली में अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, गायमुख मंदिरसुमेरपुर आश्रम,आदि स्थानों पर परिजनों ने पहुंचकर नया साल मनाया, साथ ही कन्हान नदी के तटों पर परिवारों और युवाओं की टोली पिकनिक मनाते दिखी। शहर के प्रमुख होटलों और कैफे में भी विशेष आयोजन किए गए, जहां युवाओं ने संगीत और नृत्य के साथ नए साल का जश्न मनाया।

### अब दिन में भी मिलेगी जामसांवली में प्रसादम की सुविधाएं

चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में आने वाले भक्तों के लिए एक खुशखबरी है प्रसादम के माध्यम से अब दिन में भी भक्तों को भोजन उपलब्ध हो सकेगा, पूर्व में प्रसादम की सेवाएं शाम 6 से 8 तक ही भक्तों को मिलती थी परंतु अब यह सुविधा भक्तों को दिन में भी मिलेगी,नए वर्ष के प्रथम दिन चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर जामसावली में मंदिर संस्थान द्वारा विक्रय केंद्र का शुभारम्भ किया गया है,जिसमे हनुमानजी की फोटो, मूर्ति ,तथा प्रसाद (लड्डू )प्राप्त कर सकेंगे।



## बग्गू बिछुआ में विधायक चौरे ने किया संतों का सत्कार



**सौंसर।** ग्राम बिछुआ बग्गू में सप्ताह भर से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा समापन गुरुवार को महाप्रसाद वितरण के साथ में किया गया,ग्राम बग्गू बिछुआ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में विधायक विजय चौरे, पूर्व विधायक अजय चौरे ने पहुंचकर संतों का सत्कार कर आशीर्वाद प्राप्त किया है।इस दौरान समापन अवसर पर आयोजित महाप्रसाद वितरण में भाग लिया,विधायक श्री चौरे के द्वारा सप्ताह पर चले आयोजन के दौरान भगवान के विभिन्न लीलाओं का अपने मुखारविंद से प्रवचन देने वाले संतों का सत्कार भी किया,महाप्रसाद वितरण के साथ में कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मोहगांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, टीवी फ्रिज जलकर खाक



**सौंसर।** मोहगाव हवेली में वार्ड क्रमांक 8 निवासी मनोहर खडसे के निवास स्थान पर बुधवार को दोपहर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की जानकारी मिली है, इस दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण टीवी और फ्रिज बुरी तरह जलकर राख हो गये है, अचानक लगी आग के बाद में परिजनों के द्वारा जैसे तैसे गेस सिलेंडर को बचाकर घर के बाहर ले आए है। अन्यथा यहां पर बड़ा हादसा घटित हो सकता था, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहगाव हवेली वार्ड क्रमांक 8 निवासी खडसे परिवार के घर में आग लगने का कारण बिजली के बोर्ड में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।घर के सदस्यों ने बताया कि अचानक धुंआ उठते ही अफरा-तफरी मच गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक फ्रिज और टीवी कपड़े और घरेलू सामग्री इसकी चपेट में आ चुके थे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते परिवार के लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।स्थानीय निवासियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है क्योंकि इस घटना में उनका काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। घर गृहस्ती का संपूर्ण सामान जल गया है, सिलेंडर को समय रहते परिजनों के मदद से घर के बाहर लाया गया है नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस पर सौंसर में हुए कार्यक्रम

**सौंसर।** गुरुवार को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर,बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर,रमाबाई आम्बेडकर महिला मंडल सौसर के संयुक्त तत्वाधान मे सौसर नगर में 'भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस' उत्साह गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन बुध्द वदना जय भीम सलामी के साथ हुआ। भीम सेनिको ने भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस अमर रहे डॉ बाबासाहेब अमर रहे के जय घोष के साथ में गगन भेदी नारेबाजी की,इस अवसर पर बौध्द समाज ने एकजुट होकर शौर्य गाथा को याद किया और डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# नूतन वर्ष पर निकली श्रीजी की भव्य रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में 25 दिसंबर 2025 से चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता गुरुवार 1 जनवरी 2026 के शुभ दिन नूतन वर्ष अभिनंदन से किया गया।आठ दिवसीय मंगल विधान कराने का सौभाग्य जिनशासन सेवक मोतीलाल, सुबोध कुमार जैन कोल्ड स्टोरेज वाला भैयाजी परिवार को प्राप्त हुआ। जिनके मंगल आमंत्रण पर पूरे देश से पधारे हजारों साधर्मियों के साथ सकल जैन समाज, मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के सदस्यों ने भक्ति भाव पूर्वक सिद्ध परमेष्ठी भगवन्तों की मंगल आराधना की।महोत्सव में बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन सहित अन्य ब्रह्मचारी बहनों के साथ पंडित विपिन शास्त्री नागपुर, अनुभव शास्त्री करेली, जिनेंद्र शास्त्री एवं दिव्यांश शास्त्री जयपुर सहित स्थानीय विद्वानों में पंडित अशोक वैभव, ऋषभ शास्त्री, डॉक्टर विवेक जैन, रूपेंद्र शास्त्री का समागम प्राप्त हुआ। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक राज जैन, सुधीर जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, सौरभ जैन, पराग जैन, पलाश जैन, श्रुति जैन, आर्या जैन, संस्कृति जैन सहित सभी का सहयोग प्राप्त हुआ।विधान की पूर्णता पर गुरुवार 1 जनवरी के शुभ दिन नई आबादी गांधी गंज क्षेत्र में श्रीजी सहित मां जिनवाणी की भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में जैन बंधुओं ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

## ग्राम पंचायत मंडला में 500 कंबलों का वितरण निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित



**परासिया :** आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन के तत्वाधान में आज ग्राम पंचायत मंडला में जरूरतमंद परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शीत ऋतु में असहाय व जरूरतमंद नागरिकों को राहत प्रदान करना तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराना रहा ।फाउंडेशन के जिला समन्वयक अखिल सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया , कि इस सेवा अभियान के अंतर्गत लगभग 500 जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित किए गए । जिससे ठंड के मौसम में उन्हें बड़ी राहत मिली । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर सतीश नागवंशी की गरिमामय उपस्थिति रही । जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में 96 टीम के महेश गोलू सोनी , योगेश राव मराठा , राजू ठाकुर , मोंटी सोनी एवं लोकेश रानेकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । वहीं डॉ. रामकुमार आमगोरिया एवं महेंद्र ठाकुर के सहयोग से ग्राम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण शिविर लगाया गया । जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया ।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेसरपंच धनपाल इनवाती ,उप सरपंच माया चौहान ,सचिव सागरशाह कवरेती ,रोजगार सहायक रीता यहके की विशेष उपस्थिति रही । जिनके सहयोग से कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपन्न किया गया ।



### आदिवासी समाजसेवी ने 30 कंबल बांटे

**परासिया :** आदिवासी समाज के बीच जमीनी स्तर से जुड़े समाजसेवी बिरले होते हैं ।कढी मेहनत मजदूरी करने के बावजूद अपने परिवार का लालन-पालन करने के बाद कुछ समय मिलता है जिसमें आदिवासियों की सेवा में समर्पित करते हैं।ऐसे ही समाजसेवी सुंदरलाल उइके जिन्होंने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ गरीब परिवारों के सदस्यों को 30 कंबल का वितरण किया। ग्राम पंचायत बेलगांव निवासी सुंदरलाल उइके गरीब परिवार से हैं लेकिन समाज सेवा उनके मन में फूट-फूट कर भरी हुई है । बेलगांव, लीखावाडी ,कोलूखेड़ा आसपास के 30 जरूरतमंदों गरीब परिवार को कंबल बांटने का निर्णय लिया था, किसी कड़ी में आज नववर्ष के उपलक्ष में उन्होंने इन परिवार के सदस्यों को गरम कपड़े प्रदान किया जिससे गरीब परिवार खुश हुए हैं। जय गुरुदेव के सुंदरलाल हमेशा समाजसेवी के रूप में कार्य करते आ रहे हैं ।उन्होंने जुन्नारदेव विधानसभा से भी विधायक का चुनाव लड़ चुके हैं । उन्होंने बताया कि वह हमेशा गरीबों के हित में कार्य करना चाहते हैं, जब भी गरीबों की सहायता की बात आएगी वह एक कदम आगे आकर उनका सहयोग करते रहेंगे।

## खैरलांजी शासकीय अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन, नेत्र रोगी हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

सामुदायिक शासकीय अस्पताल खैरलांजी में 31 दिसंबर बुधवार को खंड चिकित्सक अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल (बीएमओ ) के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो ने ओपीडी में पंजीयन कर नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस.बिसेन से अपना उपचार किया। चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन जबलपुर भेजा गया। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने बताया की शिविर में 52 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया।जिसमे से 32 नेत्र रोगी को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया । उन्होंनो बताया की आगामी 6 जनवरी को पुन निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्यालय शासकीय अस्पताल में किया जाएगा और नेत्र रोगीयो की जांच कर उपचार व उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके पूर्व भी विगत दिवस 17 दिंसबर को मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में निशुल्क नेत्र शिविर लगाकर आंखो के मरीजो को लाभान्वित किया गया था। नेत्र शिविर में लाभान्वित होकर नेत्र रोगीयो के द्वारा अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा की।

## महाविद्यालय पाली एकेमिक इंस्टीट्युशन बिसोनी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के महाविद्यालय पाली एकेड्मिक इंस्टीट्युशन बिसोनी (लॉजी) में महाविद्यालय वार्षिक उत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ 30 दिसम्बर 2025 को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति वर्षा वारे (सरपंच ग्राम पंचायत बिसोनी) तथा विशेष अतिथि के रूप मे प्रखर देशना कैरियर एण्ड वेलफेयर सोसायटी के उपाध्यक्ष श्रीमति पदमा बोरकर के मुख्य आतिथ्य मे एवं संस्था प्रमुख श्रीमती वंदना वैद्य प्राचार्य श्री बी. जे. लिल्हारे के गरीमामयी वातावरण मे सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के छात्र अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा संगीतमय सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात वार्षिक समारोह मे उपस्थित समस्त अतिथियों का प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आगाज डी.एल.एड, बी.एस.सी.बी.एड. के प्रशिक्षणार्थियों ने गीत एवं नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। गौरतलब है कि जिले का एकमात्र इंस्टीट्युशन जहाँ बी.एस.सी.बी.एड. साथ ही बी.एड. व डी.एल.एड. संचालित यह पाठ्यक्रम निरंतर सत-प्रतिशत परीक्षा परीणामों के साथ प्रतिवर्ष उन्नति के शिखर पर अग्रसर है जहाँ सर्वागिण विकास के साथ साथ गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाया जाता है। जो कि अपने आप में अद्वितिय है। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य बी. जे. लिल्हारे के द्वारा महाविद्यालय के समस्त उपलब्धियों व गतिविधियों से संबधित रिपोर्ट तथा विजन को अपने उदगारों के माध्यम से प्रगट किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा संस्थान की संचालिका श्रीमति वंदना वैद्य ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में नारी शशक्तिकरण और केरियर मार्गदर्शन संबंधित विचारों से अभिसिन्चित किया गया तथा अनवरत रूप से प्रयासरत रहने हेतु प्रतिबंधता की बात कही गयी इसी कड़ी मे विजय वारे (पुर्व सरपंच बिसोनी ) द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नैतिकता और विकास हेतु प्रेरित कर मार्गदर्शन करते हुए बताया गया कि लक्ष्य के प्रति गंभीर रहे । और लक्ष्य निर्धारण कर इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है छात्रों में नैतिकता की वृध्दि के साथ संविधान का अध्ययन कर अपने मानविय अधिकारों को समझे, आत्मसात करें और प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर समाज देश-दुनिया को बदले और संस्था का नाम गौरवान्वित करे अपने वास्तविक जीवन से रूबरू करवाते हुए। शिक्षाप्रद बाते कही गयी साथ ही विद्यार्थीयों को कानुन, संविधान को पढ़ने व पुस्तकों छात्रों को देने हेतु सुझाव साझा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आकर्षक रहे भुतनी नृत्य प्रथम सेमेस्टर से वर्षा सोनवाने, दिशु मेश्राम एण्ड ग्रुप के द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दि गयी जिसका दर्शकों द्वारा खुब लुप्त उठाया गया तथा पंचम सेमेस्टर से जिनत कावड़े एण्ड ग्रुप के द्वारा एकांकि प्रस्तुत किया गया। जो महिला उत्पीड़न पर आधारित था। जो महिला प्रताड़ना को वास्तविक जीवन से जोड़कर प्रस्तुत किया गया। जो काफी प्रेरणादायी था। समारोह के अंत में महाविद्यालय के प्रो. सी.एस. मेश्राम द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि प्रमुख अतिथियों समस्त गणमान्य नागरिकों अभिभावकों और समस्त प्रशिक्षणार्थियों का आभार प्रकट किया गया। इस वार्षिक उत्सव का आयोजन प्राचार्य श्री बी. जे. लिल्हारे और समस्त प्राध्यापकों और सपोर्टिंग स्टॉप के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ।

## बालाघाट और डोंगरगढ़ की टीम ने जीता ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब



***तीन दिनी कार्यक्रम का मंडई मेले एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य समापन***

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ग्राम पंचायत बिसोनी अंतर्गत ग्राम चिचटोला में 3 दिवसीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य समापन 31 दिसंबर को पुरूष एवं महिला वर्ग के फाईनल मुकाबले के साथ भव्य समापन किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग में बालाघाट की टीम ने खोलमारा की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया वहीं महिला वर्ग में डोंगरगढ़ की टीम ने सिर्री की टीम को फाईनल मुकाबले में शिकस्त दी। आयोजक समिति द्वारा दोनो ही पुरूष एवं महिला विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 11000 हजार की राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं उपविजेता टीमो को भी 7100 रूपये की राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति द्वारा कोच को भी शील्ड दी गई एवं मुख्य अतिथियों को को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त आयोजन में समिति द्वारा सेवा की मिशाल पेश करते हुए डोंगरगढ़ की महिला टीम से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिये राशि न लेते हुए उनकी घर वापसी के लिये वाहन में ईंधन की व्यवस्था भी स्वयं वहन की। खिलाडियों को शील्ड के साथ ईनाम की राशि देकर समिति के सदस्यों एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रथम पुरस्कृत हुए खिलाडियों को गोल्ड मेडल एवं द्वितीय पुरस्कृत खिलाडियों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया।

ग्राम चिचटोला में रूढ़ी मामा चौक मंड़ई मेला समिति द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मरार माली समाज भवन प्रांगण (बालाघाट रोड, चिचटोला) में मंडई भराई गई और रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया । जिसमें आशीष बालाघाटी एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में भी बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने शिरकत की और जमकर खरीदारी जिससे मेले में व्यापार करने पहुंचे दुकानदारों को सर्दी में भी गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए देखा गया। कार्यक्रम के दौरान लांजी के सुप्रसिद्ध सिंगर भास्कर सिंगर ने लगातार कार्यक्रम में तीन दिनों तक अपने गीतों की सुंदर प्रस्तुति पेश की जिस प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी खिलाडियों एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों के भोजन की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई थी।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा बड़े ही नम्र भाव से क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे को भी आमंत्रित किया गया तथा नगर में उनके फोटो और नाम के साथ फ्लेक्स लगाकर प्रचार भी किया गया परंतु देर शाम तक भी विधायक के न पहुंचने से खिलाड़ी और ग्रामवासी काफी निराश हुए। ग्रामीणों का कहना था की क्षेत्र में इतने बड़े आयोजन में भी विधायक का न पहुंचना उचित नहीं है। जबकि कई अवसरों पर देखा गया है की क्षेत्रिय विधायक चरण चुंबकों के छोटे मोटे आयोजन में पहुंचकर उनके कार्यक्रमों की रौनक बढ़ाते है परंतु उनके निजनिवास से कुछ दूरी पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम नहीं पहुंचने से ग्रामीणों के साथ-साथ खिलाड़ी भी मायूस दिखाई दिये।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नागपुर आर्मी व बालाघाट पुलिस लाइन ए की टीम बनी विजेता

# खेलों से होता है शारीरिक और बौद्धिक विकास-विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत खैरलॉजी के ग्राम पंचायत खैरी में ओपन जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बालक वर्ग में नागपुर आर्मी की टीम ने गुडग़ॉव दिल्ली को एकतरफा 3-0 एवं बालिका वर्ग में पुलिस लाईन बालाघाट ए ने पुलिस लाईन बालाघाट बी को 3-1 से पराजित कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। इस प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं की मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश की कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता और उपविजेता टीम को विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में विधायक श्री पटेल व अन्य अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया गया। जिसके बाद खिलाडिय़ों का अतिथियों द्वारा परिचय करवाकर खेल की शुरुआत की गई।

बुधवार को फाइनल मैच में बालक वर्ग में नागपुर आर्मी की टीम ने गुडग़ॉव दिल्ली की टीम पर 3-0 से जीत दर्ज की। पूरे टूर्नामेंट में नागपुर आर्मी की टीम ही सिर्फ ऐसी टीम थी, जो एक भी मैच नहीं हारी। मैच की शुरुआत से ही नागपुर की टीम गुडग़ांव दिल्ली की टीम पर हावी रही और लगातार अपने अंक बढ़ाते रही। नागपुर की टीम ने गुडग़ांव दिल्ली की टीम को कभी भी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और शुरुआत से ही अपने अंक बढ़ते रहे, जिससे नागपुर आर्मी की टीम ने अच्छा प्रदर्शन कर एक तरफा जीत दर्ज कर ली। वहीं दूसरी ओर बालिका वर्ग में बालाघाट पुलिस लाईन की ए व बी के टीम के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया। जिसमें ए टीम ने बी टीम को 3-1 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने खिलाडिय़ों व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे देश की सदियों पुरानी परंपरा हैं, विश्व के सभी देश अपने देश के युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता और प्रोत्साहन के लिए करोड़ों रुपए का व्यय अपने बजट में शामिल करते हैं। खेलों से हमारे देश की तरुणाई का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। पिछले कोरोना काल से यहां टूर्नामेंट नहीं हो पा रहा था। मगर अब यह कभी नहीं रुकेगा, यह खेल अब हमेशा निरंतर चलता रहेगा। खेलो से सभी का भाईचारा बना रहता है। यहां शुरू से ही अच्छे खिलाड़ी आते रहे है, जो खिलाडी आये है, उनसे हमें अच्छा खेल सीखने मिली और नई पीढ़ी के युवाओं को अच्छा खेल देखने मिला। यहां कई वर्षो से अच्छी व्हालीबाल प्रतियोगिता खेली जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन पर खेल का बहुत प्रभाव पड़ता हैं। खेल से मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक विकास के साथ-साथ लोगों से जुड़ाव महत्वपूर्ण हैं।

## विश्व शांति की मंगल कामना के लिए शांतिनाथ विधान का हुआ आयोजन



**वारासिवनी।** नववर्ष 2026 की शुरुवात में गुरुवार एक जनवरी को सम्पूर्ण विश्व में शांति की मंगल भावना एवम् सभी जीवों के कल्याण हेतु श्री शान्तिनाथ विधान दिगम्बर जैन मन्दिर वारासिवनी में सम्पन्न किया गया। नवनिर्वाचित कमेटी के तत्वावधान में सकल समाज के सभी सदस्यों ने इस मांगलिक धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। विधान के पूर्व नवीन पाषाण जिनालय में अभिषेक पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा वर्ग उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के उपाध्यक्ष दीपक जैन बताया कि शान्तिनाथ भगवान के विधान के माध्यम से वारासिवनी नगर, भारत देश एवम् सम्पूर्ण विश्व में शांति सद्भावना की मंगल कामना की गयी। आज से ठीक एक वर्ष पूर्व एक जनवरी 25 को निर्यापक श्रमण श्री समता सागर जी का भव्य नगर प्रवेश हुआ था। जिनके सानिध्य में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की परम अनुकम्पा एवम् आचार्य श्री 108 समय सागर जी के आशीर्वाद से भव्य पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव सम्पन्न हुआ था। आगामी समय में कमेटी द्वारा पंचकल्याणक स्मृति महोत्सव मनाने की भूमिका भी बनाई जा रही है।

# नववर्ष पर साईं पदयात्रा का भव्य आयोजन

## बाबा का प्रिय दिन गुरुवार से प्रारंभ हुआ नव वर्ष, 56 प्रकार के भोजन का लगाया गया भोग





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नववर्ष के पावन अवसर पर जिला सिवनी के सर्किट हाउस से साईं पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान साईं के अभिषेक, विधिवत पूजन एवं आरती से की गई। इसके पश्चात साईं नाम के जयकारों के मंदिर परिसर गूंजाए मान हो गया जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए। दोपहर में आयोजित भजनों मंडली में साईं भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शाम के समय भगवान साईं को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, स्वच्छता और आपसी सद्भाव का विशेष ध्यान रखा गया।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नववर्ष पर आयोजित इस साईं पदयात्रा ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद और नई ऊर्जा से भर दिया।

## ए एस आई अमान सिंह भलावी हुए सेवानिवृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी कन्ट्रोल रूम में आज थाना कान्हीवाड़ा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक श्री अमान सिंह भलावी जी की 36 वर्ष की सफल पुलिस सेवा पर विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू द्वारा श्री भलावी साहब का पुष्प माला से स्वागत कर शाल,श्रीफल,स्मृति चिह्न और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में श्री भलावी का परिवार,पत्नी, बेटी व दामाद की गरिमामय उपस्थिति रही।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उन्हें स्वस्थ व सुखद जीवन हेतू शुभकामनाएं दी व परिवार जनों से चर्चा की और आगे सामाजिक जीवन में सक्रिय रहने के लिए मार्गदर्शन दिया। श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उनकी 15 मार्च 1989 को जबलपुर जिले से भर्ती होकर अनुशासन पूर्वक जिन कार्यों का निर्वाहन किया को याद करते हुए बंधाई दी गई। विदित हो कि श्री भलावी 2013 में प्रधान आरक्षक और 13 मार्च 2025 को ए एस आई पदोन्नत होकर सिवनी पदस्थापित हुए थे। श्री भलावी जी ने सेवा निवृति के अवसर पर भावुक होते हुए कहा कि ‡मैं अपने पुलिस परिवार से आज विदाई ले रहा हूं।‡इस गौरवशाली पल व सम्मान समारोह में उपस्थित सभी पुलिस साथियों ने उनके स्वस्थ व समृद्ध जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार श्री जितेंद्र रावतकर ने किया व नियंत्रण कक्ष प्रभारी निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे द्वारा शुभकामनाएं व सभी के

## पथ विक्रताओं की दुकानों को व्यवस्थित करने तथा अतिक्रमण हटाने के कलेक्टर ने दिय निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में सडक निर्माण विभाग, यातायात, पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एमपीआरडीसी विभाग द्वारा किए जा रहे नगझर-खैरीटेक मार्ग के उन्नयन कार्यों में जंक्सन पॉईंट के सुधार, सिवनी-मंडला एवं सिवनी-कटंगी मार्ग के जंक्सन के सुधार तथा आवश्यकतानुसार हाईमास्क लाईट लगाने के



निर्देश दिए गये हैं।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने एनएचएआई विभाग के अधिकारियों को सिवनी-छिंदवाडा, लखनादौन-नागपुर तथा नरसिंहपुर मार्ग की मरम्मत के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत, रोड मार्किंग तथा साईन बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एनएचएआई विभाग के अधिकारियों को संबंधित थाना क्षेत्र के अधिकारियों के साथ मार्ग के संयुक्त निरीक्षण उपरांत सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिये हैं।

इसी तरह मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रमुख बाजारों में सुगम आवागमन के लिए पथ विक्रताओं की दुकानों को व्यवस्थित करने तथा अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री मेहता ने ओवरस्पीड, अवैध पार्किंग एवं नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा यातायात जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी रूप से चलाने क्रियान्वित करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में सभी सडक निर्माण विभागों को मानसून के समय क्षतिग्रस्त हुई सडक़ों की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।

## शैक्षणिक भ्रमण में स्कूली छात्र छात्राएं ने किया उगली थाना भ्रमण

सोनखार (प्रदीप तिवारी। मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेश अनुसार राइट टू ईजुकेशन के अंतर्गत जिले के चिन्हित पीएम श्री स्कूल जो केवलारी विधानसभा के अंतर्गत उप तहसील उगली के निकट झित्तर्रा शासकीय हाई स्कूल को मिला है, जिसके अंतर्गत बीते सप्ताह 23 दिसंबर दिन मंगलवार को हाई स्कूल के 26 छात्र-छात्राओं का एक दल शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में शैक्षणिक भ्रमण के लिए अपने क्षेत्र के निकटतम पुलिस थाना उगली में उपस्थित हुए। संस्था प्रभारी प्राचार्य राजाराम रैदास से जब इस विषय पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि बीते माह हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं



शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पलारी मुख्यालय ले जाया गया था, जिसके अंतर्गत इस बार निकटतम थाना में पुलिस थाना उगली का चयन किया गया, थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार एवं ऐ एस आई सुमेरचंद्र उईके व ऊर्जा महिला डेस्क एवं स्टाफ की उपस्थिति में थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित अपराधों को कैसे पुलिस कंट्रोल करती है, आमजन कैसे पुलिस के संपर्क में आकर अपराधों की जानकारी देते हैं, हमारा पुलिस दल कैसे बचाव करता है, आकस्मिक दुर्घटनाओं में प्राकृतिक आपदाओं में शासन के निर्देशों का जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देश अनुसार अनु विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम जांच दल गठित करके बड़े-बड़े अपराधों को अंकुश लगाया जाता है, विगत दो वर्षों से आईबीएनस के तहत कानूनी धाराओं में कुछ फेरबदल किया गया है, जिसके अंतर्गत थाना में एनसीआर, एफ आई आर फिर प्रारंभिक मुलाईजा, साइबर सेल के अंतर्गत काल डीटेल्स,एक्सीडेंटल केस में फॉरेंसिक जांच के लिए बाहर दलों को बुलाकर फांरेसिक जांच, डाग स्क्वाड आदि से गंभीर जांच कैसे की जाती है, बातों को समझाते हुए बच्चों को जागरूकता का संदेश दिए. निश्चित तौर पर इस प्रकार शैक्षणिक भ्रमण से क्षेत्र में जागरूकता फैलेगी थाना प्रभारी उगली ने नववर्ष के पूर्व अपने थाना क्षेत्र के सभी स्कूली बच्चों को सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए संदेश दिया है मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट अनिवार्य चौपाया कार चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य सीमित रफ्तार सुरक्षित जीवन, साइबर क्राइम के अंतर्गत आजकल बहुतायत देखा जा रहा है कि इंटरनेट स्मार्टफोन में कुछ अनावश्यक एप्लीकेशंस को डाउनलोड करके मोबाइल गेम्स जिसमें पैसों का लेनदेन होता है के प्रलोभन में आकर अपनी जरूरी जानकारी को किसी को भी शेयर करके आजकल साइबर फ्रॉड की घटनाएं बहुतायत हो रही है जिसको लेकर भी सतर्कता बरतने के लिए थाना प्रभारी के द्वारा समझाया गया, आदि बातों को समझाते हुए एक दिवासिय कार्यशाला को संपन्न कराया गया.

## देव संस्कृति फाउंडेशन द्वारा प्रस्फुटन समितियों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

नवांकुर संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन लावासर्रा कि सेक्टर बैठक ग्राम पंचायत भवन सुकतरा में की गई मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर जी की गरिमामय उपस्थिति में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर प्रारंभ की गई।**

उपस्थित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए ब्लॉक समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के गठन एवं कार्य तथा उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया । जन अभियान का प्रमुख कार्य लोगो को उनको कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है एवं समय समय पर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करना है।जिन लोगों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाया है उन तक योजनाओं की पहुंच बनाना है। परिषद के प्रमुख कार्यों में जलसंरक्षण,ऊर्जा संरक्षण,महिला सशक्तिकरण,शिक्षा एवं संस्कार , स्वच्छता एवं स्वास्थ,कला एवं संस्कृति,सामाजिक समरसता आदि के प्रति समाज में जागरूकता लाना है ।ब्लॉक समन्वयक जी ने 12 जनवरी से प्रारंभ होने वाले अभियान ग्रामोदय से अभ्युदय की जानकारी भी दी गई।देव संस्कृति फाउंडेशन के चेयरमैन ने सभी प्रस्फुटन समितियों से ग्राम विकास की योजना बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। देव संस्कृति फाउंडेशन के सचिव ने उपस्थित प्रफुटन समिति के सदस्यों को बैठक एवं गतिविधि रजिस्टर बनाने एवं शासन की लाभकारी योजनाओं को कैसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में समिति की भूमिका होगी उस पर प्रकाश डाला ।

आज के प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रस्फुटन समिति मोहगांव सड़क, सुकतरा, सारसडोल ,कलबोड़ी,परतापुर, गोंडेगाव आदि से आए समिति सदस्यों गोकल चक्रवर्ती,दीपक चक्रवर्ती, सुनीता बरमैया,लक्ष्मी पुसाम, आकांक्षा मड़ावी,रोशनी सरयाम,गौरी विश्वकर्मा दिलीप रजक,कैलाश प्रजापति,आदि ने भाग लिया भाग लिया साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कक्षाओं के मेंटर्स श्री विशाल नागवंशी,अविनाश डहरवाल,यास्मीन कुरैशी, सबा तरन्नुम,सुरेखा धकोड़ आदि ने भी भाग लिया। नवांकुर संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन के सचिव अशोक शिववेदी ने सभी का अंत में आभार व्यक्त किया।

## सुपर 5000 योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी पुत्र-पुत्रियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

### आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी

सिवनी / श्रम पदाधिकारी सिवनी ने बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित सुपर 5000 योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि उन विद्यार्थियों को मिलती है जो म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में शामिल होकर राज्य मेरिट के शीर्ष 5000 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करते हैं। पात्र विद्यार्थियों को एकमुश्त 25,000 रूपये की सहायता जीवनकाल में एक बार प्रदान की जाती है। सत्र 2024-25 की कक्षा 10वीं और 12वीं की संकायवार प्रावीण्य सूची श्रम सेवा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने पात्र पुत्र-पुत्रियों के आवेदन संबंधित विद्यालय प्राचार्य की अनुशंसा एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 28 फरवरी 2026 तक श्रम पदाधिकारी, जिला सिवनी कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## प्रतापगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मनाया गया श्री कृष्ण जन्म उत्सव, झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी जिले के प्रतापगढ़ गांव में नागेश परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर आगे बढ़ रहा है। कथा वाचन पंडित उमाकांत शास्त्री द्वारा किया जा रहा है।**

कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्माष्टमी अर्थात (कृष्ण) जन्म उत्सव का भव्य एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। और



आगे पंडित उमाकांत शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। मथुरा की कारागार में वासुदेव और देवकी के यहां श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मानव जीवन को प्रेम, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा है।कथा के दौरान कृष्ण जन्म उत्सव को अत्यंत उल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। जैसे ही भगवान कृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे उत्सव का माहौल और भी आनंदमय हो गया।

वहीं बाल गोपाल और राधा के रूप में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बच्चों को देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे और मोबाइल कैमरों में इस पावन क्षण को कैद करते नजर आए। भागवत कथा में प्रतापगढ़ सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की उपस्थिति से कथा स्थल भक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। नागेश परिवार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा श्रवण से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति की अनुभूति हो रही है।

## नए साल की शुरुआत लोगों ने अलग अलग स्थान पहुंचकर की

### हनुमान मंदिर में भी दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**छपारा**:-नगर के शिवनगर वार्ड स्थित शनिचरी मोहल्ले के सिद्ध पीठ बड़े बगीचा वाले हनुमान मंदिर के प्रति नगर के युवाओं द्वारा खासी आस्था और आकर्षण देखा जा जिसके चलते लोगों ने नई वर्ष की शुरुआत की । नए साल की शुरुआत लोगो ने अपने अपने ढंग से की किसी ने परिजनों के साथ पर्यटन स्थल घूमकर पिकनिक मनाए तो वहीं बड़ी संख्या में सुबह मंदिर में दर्शन कर नए साल का शुभारंभ किया जिसको लेकर नगर के बड़े बगीचा हनुमान मंदिर में



लोगों की गहरी आस्था चलते लोग सुबह से ही बड़ी संख्या मे हनुमान मंदिर पहुंचे जहां भजन कीर्तन के साथ पूजन पाठ की गई।वहीं नगर सहित आसपास के लोगों का आस्था का केंद्र बड़े बगीचा हनुमान मंदिर में विगत सन 2018 से सावन माह में पूरे महीने अखंड रामायण का पाठ भी जारी है।

## जीएसटी एवं टैरिफ पर पी.जी.कालेज में वेबीनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में अर्थशास्त्र विभाग अंतर्गत पीएम उषा के साप्ट कंपोनेंट्स के तहत दिनांक 31 दिसंबर 2025 को ऑनलाइन अमेरिकी टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव एवं जीएसटी संशोधन का दूरगामी प्रभाव विषय पर दो वेबीनार का आयोजन संपन्न किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में धीरज दुबे द्वारा टैरिफ का आशय, टैरिफ का इतिहास और अद्र्धविकसित, विकासशील एवं विकसित राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था, विदेशी व्यापार, संरक्षण की नीति, टैरिफ के विभिन्न प्रकार, तथा विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं पर टैरिफ के प्रभाव



के साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ से विभिन्न सेक्टरों पर भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव तथा एनआरआई पर इसके दुष्प्रभाव का विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार द्वितीय सत्र में जीएसटी संशोधन का दूरगामी प्रभाव विषय पर जीएसटी के संबंध में संवैधानिक संशोधन तथा भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई 2017 से लागू करने के संबंध में जीएसटी के पूर्व के 17 केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं विभिन्न राज्यों के अप्रत्यक्ष करों को मिलाकर एक कर, एक देश का ऐतिहासिक वर्णन प्रस्तुत करते हुए कहा कि व्यवसाय में एक चरण का भुगतान करने पर कर को अगले चरण पर समायोजित किया जाता है जिससे कि कर केवल मूल्य वृद्धि पर लगता है, जिससे कारों का गुणन नहीं होता। यह एक अप्रत्यक्ष कर है इसे विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य करों. को मिलाकर एक कर बनाया गया है। जीएसटी कर के कास्केडिंग प्रभाव को हटाया गया है। जीएसटी भारत में अप्रत्यक्ष कर के लिए बड़ा परिवर्तन है और एक राष्ट्र एक कर जीएसटी के लिए सही युक्ति है। जीएसटी वस्तु एवं सेवा कर है यह कर जो निर्माता द्वारा अंतिम उपभोक्ता की वस्तु एवं सेवा की पूर्ति पर लगाने का अधिकार है। वस्तु एवं सेवा कर एक संपूर्ण कर है जो बहुत चरण के आधार पर प्रत्येक मूल्य वृद्धि पर लगाया जाता है। मूल्य वृद्धि के चरणों में इनपुट क्रेडिट पर प्रत्येक चरण पर भुगतान किया जाता है, जब प्रत्येक चरण के मूल्य वृद्धि पर जीएसटी लगाना आवश्यक होता है तब पूर्ति श्रृंखला में अंतिम डीलर द्वारा लगाए जाने वाले जीएसटी अंतिम उपभोक्ता को बहन करना होगा। इस कर के सभी चरणों के लाभों के साथ समायोजित किया जाता है। इसी के साथ विगत 8 वर्ष की जीएसटी की यात्रा एवं विभिन्न प्रकार का जीएसटी कलेक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त प्रदान की गई। विभिन्न पार्टिसिपेंट ने भी टैरिफ एवं जीएसटी से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान किया।अंत में अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ मान सिंह बघेल ने भी इस वेबीनार में अमेरिकी टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव एवं जीएसटी संशोधनों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पर अपने विचार रखें तथा आयोजक एवं उपस्थित समस्त पार्टिसिपेंट एवं वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वनमंडलाधिकारी बोले गिरने से आई चोटों के कारण मौत संभव, डॉ. की पैनल ने किया पीएम

# एक सप्ताह में दूसरे तेंदुए की मौत, मगदर्रा सर्किल में मिला मादा तेंदुए का शव





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में बढ़ती संरक्षित वन्यजीवों की मौतो ने वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। एक सप्ताह में नर और मादा तेंदुए की मौत हो गई। गुरूवार को उत्तर सामान्य वनमंडल के दक्षिण लामता अंतर्गत मगदर्रा सर्किल से एक किलोमीटर दूर खेत में मादा तेंदुआ का शव मिला। जिसकी जानकारी के बाद वनमंडलाधिकारी रेशमसिंह धुर्वे, परिक्षेत्र अमला घटना स्थल पहुंचा। जहां शव का पीएम पशु चिकित्सकों की टीम में शामिल सिविल सर्जन डॉ.घनश्याम परते, पशु प्रजनन अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह नगपुरे और पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. पूजा धुर्वे की टीम ने किया। हालांकि अभी मृत मादा तेंदुए की मौत की वजह साफ नहीं है। ऐसी आशंका की जा रही है कि पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले तेंदुए की मौत किसी चट्टान या पेड़ में चढ़ते समय गिरने से हुई होगी। चूंकि मादा तेंदुए के सिर और पेट में चोटें मिली है। बहरहाल, तेंदुए के शव का पीएम करवाकर, उसका प्रोटोकॉल से अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पूर्व 23 दिसंबर को उत्तर सामान्य वन परिक्षेत्र लामता के जंगली क्षेत्र से संदिग्ध हालत में नर तेंदुए का शव मिला था। जिसकी मौत की वजह, का सप्ताह भर बाद भी पता नहीं चल सका है।

वनमंडलाधिकारी रेशमसिंह धुर्वे ने बताया कि मादा तेंदुए का शव मगदर्रा सर्किल से एक किलोमीटर दूर, गांव से लगे खेत में मिला है। प्रथमदृष्टया सिर और पेट में चोट के निशान देखने से लग रहा है कि किसी पेड़ या चट्टान में जंप करते समय अनियंत्रित होने से नीचे गिरने से लगी चोट के कारण मौत हुई है। किसी तरह के कोई शिकार या करेंट के घाव नहीं मिले है। मादा तेंदुए की मौत की वास्तविक वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। पी ए म करने वाले पशु अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. घनश्याम परते ने बताया कि नाक, सिर और पेट में चोटें है, जो अक्सर गिरने या मारने से हो सकती है लेकिन मारने जैसे कोई निशान नहीं मिले है। आवश्यक जांच के लिए सैंपल ले लिया गया है। मादा तेंदुए की मौत कैसे हुई है, यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### जून 2026 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य

## सातनारी लघु जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट जिले की लामता तहसील के अंतर्गत ग्राम बुढ़ियागांव के समीप स्थानीय नाले से बहने वाले पानी को रोककर सिंचाई के लिए उपयोग करने सातनारी जलाशय का निर्माण किया जा रहा है। इस जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में वन विभाग एवं सिंचाई विभाग द्वारा नाला क्लोजर एवं नहर निर्माण के कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कर इस कार्य को तेजी प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक टीएल बैठक में इस जलाशय के निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री यूएस परते ने बताया कि सातनारी जलाशय निर्माण के लिए वर्ष 1980 में 24 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस योजना के बांध एवं नहर निर्माण कार्य में 53.40 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होने एवं 1980 में वन संरक्षण अधिनियम के लागू होने के कारण योजना का निर्माण कार्य रोक दिया गया था। कृषकों की मांग एवं इस जलाशय की उपयोगिता को देखते हुए वर्ष 2021 में इस जलाशय के निर्माण के लिए 10 करोड़ 29 लाख 12 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्टर द्वारा इस जलाशय एवं नहर के निर्माण में आ रही वन भूमि के एवज में ग्राम पाण्डेवाड़ा एवं कनारी में 73.36 हेक्टेयर राजस्व भूमि वन विभाग को हस्तांतरित की गई है। इस जलाशय की नहरों का 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। नाला क्लोजर का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य को जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा समय सीमा मे कार्य पूर्ण करने के लिए निर्माण कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। अधीक्षण यंत्री श्री परते ने बताया कि इस जलाशय के बनने से बुढ़ियागांव सहित 05 ग्रामों की 320 हेक्टेयर कृषि भूमि में फसलों की सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा और किसान रबी में भी फसलों की सिंचाई के लिए पानी ले सकेंगे। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसान 9 जनवरी तक करा लें स्लॉट बुक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के विक्रय के लिये 9 जनवरी तक स्लॉट बुक कर लेने का आग्रह किया गया है, ताकि उन्हें अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा जारी धान उपार्जन नीति के क्रियान्वयन की मानक प्रक्रिया के अनुसार किसानों द्वारा अपनी उपज के विक्रय के लिए उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर ही स्लॉट बुक किये जा सकेंगे तथा बुक किये गये स्लॉट की वैधता अवधि सात कार्य दिवस होगी। इसे देखते हुये जिले के सभी किसानों से 9 जनवरी तक धान विक्रय के लिए अपना स्लॉट बुक करने कहा गया है। किसानों को स्लॉट बुकिंग में यदि कोई समस्या आ रही हो तो वे उन समस्याओं के निराकरण के लिये खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से उनके मोबाईल पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## 5 जनवरी को मनाया जाएगा प्रकाश पर्व, श्री गुरू गोबिन्दसिंघ जी महाराज के 359 वें प्रकाश पर्व पर आज निकलेगा नगर कीर्तन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सिक्खो के दसवे गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंघ जी महाराज का 359 वां प्रकाश पर्व 5 जनवरी को गुरूद्धारा में मनाया जाएगा। श्री गुरूद्धारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया ने बताया कि श्री गुरू गोबिंदसिंघजी महाराज ऐसी महान शख्सियत थे। जिनके तुल्य कोई भी नहीं है। उनकी एक बहुत बड़ी विशेषज्ञता यह भी है कि वे स्वयं तो गुरू तो थे ही, अपने शिष्यों से अमृतपान करके, शिष्यों को गुरू के बराबर सम्मान दिया। जिसके कारण उन्हें आपे गुरू-आपे चेला भी कहा जाता है। सिक्खो के दसवें गुरू होने के कारण उन्हें दशमेश पिता भी कहा जाता है। जिन्होंने अपने माता-पिता चारो बेटो तथा अनेक सिक्खो के धर्म एवं न्याय की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। जिनका 359 वां प्रकाश पर्व आगामी 5 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसके तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। आज 2 जनवरी को दोपहर 2 बजे से नगर कीर्तन निकाला जाएगा। जिसमें गोंदिया के जत्थे का हम चाकर गोबिंद के शबद कीर्तन होगा। साथ ही अमृतसर से आने वाले वीरो द्वारा गतका प्रदर्शन, तवप्रसाद शस्त्र विद्या अखाड़ा का प्रदर्शन होगा। शाम 7 बजे नगर कीर्तन संपूर्णताई के बाद लंगर की सेवा स्व. पापाजी सुचेतसिंघ राजपूत एवं स्व. प्रीतमसिंघ जी भंगल कनाडा वाले परिवार की ओर से की जाएगी। 3 जनवरी को प्रातः 8 बजे अखंड पाठ साहिब की आरंभता सेवा सरदार रविन्दरसिंग भाटिया परिवार की ओर से होगी। जबकि दोपहर 2 से 5 बजे तक बच्चो द्वारा गुरू गोबिंदसिंघ जी महाराज की जीवनी पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 4 जनवरी को सायंकाल 7 से 8 बजे तक साध संगत जी का शबद कीर्तन, रात्रि 8 से 9 बजे तक बालाघाट के हुजुरी जत्था भाई मनप्रीतसिंघ जी का शबद कीर्तन, रात्रि 9.30 से 10 बजे तक लंगर की सेवा, 5 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे अखंड पाठ साहिब की संपूर्णताई, प्रातः 10 से 11 बजे तक साधसंगत जी का शबद कीर्तन, प्रातः 11 से दोपहर 12.30 बजे तक इंदौर से पहुंचे भाई अमृतपालसिंघजी का शबद कीर्तन और दोपहर 1 से 1.30 बजे तक लंगर की सेवा बलवीर कौर खंडूजा परिवार की ओर से की जाएगी। इन सभी कार्यक्रमो में सामाजिक बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया, उपाध्यक्ष हरमिंदरसिंघ अतालिया, नरेन्द्रसिंघ छाबड़ा, गुरूदयालसिंघ भाटिया, महेन्द्रपालसिंघ गांधी, गुरदीपसिंघ सौंधी, मनमीतसिंघ पसरिचा, हरमिंदरसिंघ कैथ, जसमीतसिंघ छाबड़ा, राज गांधी, अमरजीत कौर अतालिया, शीतल पसरिचा, महेन्दर कौर सचदेवा, सुरेंद्र पाल सिंह कौशल, सुरजीत सिंह छाबड़ा, दर्शन कौर, हरभजनसिंघ गांधी, पूरनसिंघ भाटिया, सतनामसिंघ सलूजा, गुरूदयालसिंघ सौंधी, दिलीप कौर छाबड़ा, परमजीत कौर गांधी, दर्शनसिंघ ढिल्लो, प्रितपालसिंघ सौंधी, जितेन्द्र गांधी, राजेश गांधी, अमरिकसिंघ सौंधी सहित खालसा सेवादल के वीरों ने की है।

### समर्थन मूल्य पर 45 लाख 50 हजार 400 क्विंटल धान की हुई खरीदी

## 91 हजार 636 किसानों से 1077.98 करोड़ रुपए की खरीदी गई धान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर 2025 से की जा रही है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। चालू सीजन में जिले में 01 जनवरी 2026 की शाम तक 91 हजार 636 किसानों से 1077 करोड़ 98 लाख 97 हजार 600 रुपए की 45 लाख 50 हजार 400 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों से खरीदे गए धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 84 प्रतिशत से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका है। किसानों को 578 करोड़ 24 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में 185 धान खरीदी केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्रो पर किसानों से खरीदी गई धान का तेजी से उठाव कर परिवहन किया जा रहा है और गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 35 लाख 13 हजार 282 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया गया है, जो कि कुल खरीदी गई धान का 84 प्रतिशत है।

**किसानो के खाते में पहुंची 578.24 करोड़ रुपए की राशि**

अब तक किसानों को 578 करोड़ 24 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके खाते में पहुंच गई हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 01 लाख 30 हजार 37 किसानों द्वारा अपना पंजीयन किया गया है। इसमें से 01 लाख 16 हजार 481 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। खरीदी केंद्रो से धान का उठाव कर उसे शीघ्रता से गोदामों में पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। किसानों से कहा गया है कि शासन की उपार्जन नीति के अनुसार एफएक्यू गुणवत्ता का धान ही समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। अतः वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए।

## नए साल पर 1111 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली

**बालाघाट।** बालाघाट में नववर्ष का स्वागत बड़े ही धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस मौके पर शहर में पिछले 28 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार 1111 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई, जो पूरे नगर में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने कालीपाठ मंदिर, हनुमान मंदिर और शंकर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर नए साल में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बब्बर सेना की देखरेख में निकाली गई चुनरी यात्रा दोपहर 1 बजे कोसमी स्थित मरकट बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर से शुरू हुई। लगभग 5 किलोमीटर का सफर तय करते हुए यह यात्रा गोंदिया रोड, सरेखा, हनुमान चौक, सुभाष चौक और काली पुतली चौक जैसे प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी मां के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा का समापन कालीपाठ मंदिर में हुआ, जहां मातारानी को 1111 फीट लंबी चुनरी पूरी श्रद्धा के साथ भेंट की गई। इस अवसर पर बब्बर सेना प्रमुख हितेश माहुले और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुकेश माहुले सहित कई लोग मौजूद रहे। चुनरी भेंट करने के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ जिले के पर्यटन स्थलों पर भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। वनस्पति उद्यान, वैनगंगा नदी घाट, गांगुलपारा और रमरमा जैसे पिकनिक स्पॉट्स पर लोगों ने परिवार के साथ वक्त बिताया। जिला पंचायत प्रतिनिधि मुकेश माहुले ने बताया कि हर साल नए साल के पहले दिन मां कालीपाठ को चुनरी भेंट करने की परंपरा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले की खुशहाली और शांति बनाए रखना है।

## कान्द्रीखुर्द में हिमांशु ट्रेडर्स से जब्त किया गया 80 क्विंटल धान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किरनापुर तहसील के अंतर्गत ग्राम कान्द्रीखुर्द में 01 जनवरी 2026 को नायब तहसीलदार बबीता सूर्या, मंडी निरीक्षक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की टीम द्वारा हिमांशु ट्रेडर्स की जांच की गई। जांच के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई।

जांच टीम ने पाया कि मंडी पोर्टल पर उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार संबंधित व्यापारी के पास कुल 148 क्विंटल धान दर्ज पाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन के दौरान मौके पर मात्र 80 क्विंटल धान ही उपलब्ध था। शेष धान की अनुपलब्धता को लेकर विभागीय अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है। जांच के उपरांत मौके पर उपलब्ध 80 क्विंटल धान को जब्त कर नियमानुसार धान उपार्जन अवधि तक हिमांशु ट्रेडर्स की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान उपार्जन व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रामपायली के पास सड़क हादसा, गर्भवती महिला सहित दंपती घायल, संजीवनी 108 की तत्परता से बची जान

**बालाघाट।** 01 जनवरी 2026 को रामपायली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनझरा के पास पेट्रोल पंप के समीप एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब महाराष्ट्र के भंडारा जिले के शाहपुर निवासी राजू बांगड़े अपनी पत्नी सोनम बांगड़े के साथ अरंडिया अपने दादा ससुर के दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रास्ते में अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद घायल दंपती द्वारा संजीवनी आपातकालीन सेवा 108 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और चिकित्सक डॉ. गौरी शंकर पटले द्वारा प्राथमिक उपचार देते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली लाया गया। चिकित्सकीय जांच के दौरान पता चला कि घायल महिला आठ माह की गर्भवती है और उसे खून की उल्टियां होने के साथ बेहोशी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने तत्काल महिला को जिला चिकित्सालय बालाघाट रेफर कर दिया।

### नए वर्ष की खुशियां मातम में बदली

## दो बाइक के बीच हुई भिड़ंत में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नांदी के युवाओं को नए साल का जश्न मनाने के लिए दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध कुड़वा का दीदार करने के लिए जाना महंगा पड़ गया। नए साल का जश्न मना कर वापस घर की तरफ लौट रहे इन दोस्तों की खुशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गई जब इन्हीं की मोटरसाइकिल आपस में एक दूसरे से भीड़ गई। इस सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना 1 जनवरी गुरुवार की शाम करीब साढ़े 6 बजे के आसपास की है। हादसा महकेपार चौकी क्षेत्र के अंबेझरी से कन्हड़गांव के बीच सड़क मार्ग में हुआ है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम नांदी से आदर्श पिता विमलेश नाने, अमल पिता शंकर ठवकर, सागर पिता सालिकराम बागडे, भूपेंद्र पिता आनंद राव बोपचे, आर्यन पिता बस्तीराम भलावे और क्रिश लांजेवार गुरुवार की सुबह दो अलग-अलग बाइक पर सवार होकर नए साल का जश्न मनाने के लिए राजीव सागर बंध गए हुए थे। शाम के वक्त घर की तरफ वापस लौटते वक्त इन्हीं की बाइक आपस में टकरा गई। घायलों ने बताया कि रेत से एक बाइक फिसल गई जिस कारण पीछे आ रही दूसरी बाइक भी सीधे सामने चल रही बाइक से जाकर टकरा गई। जिससे दोनों ही बाइक में सवार यह सभी लोग गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद संजीवनी 108 और डायलb 112 को सूचना दी गई दोनों ही आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंचे और घायलों को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया। सरकारी अस्पताल में चिकित्सक डॉ विनोद भलावी ने सागर की मौत की पुष्टि की है। हादसे में आर्यन भलावी के सिर पर चोट लगने से वह भी गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। आदर्श नाने का एक हाथ फ्रेक्चर हुआ है। जबकि अन्य तीन युवाओं को मामूली चोट आई है।

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही नांदी गांव के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। यहां घायलों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क हादसे में मरने वाले युवक के माता-पिता नहीं है और वह बचपन से ग्राम नांदी में अपने किसी रिश्तेदार के यहां रहता था। हादसे में युवक की मौत की खबर सूनने बाद शाम होते ही पूरे गांव में मातम छा गया।

### भाऊ अपने सेवाभाव से कहलाते है सर्वमान्य नेता-भारती ठाकुर

## सेवा दिवस के रूप में मनाया नपा ने गौरीभाऊ का जन्मदिन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आज हमारे जैसे जो लोग राजनीतिक एवं सामाजिक पदों पर है और सेवाकार्य कर रहे है इसके प्रेरणास्त्रोत गौरीभाऊ है जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा में बिताया और हमें पीड़ित और समस्याग्रस्त लोगों के साथ खड़े रहने की सीख दी है। जिन्होंने विकास कार्यो को बड़ी सेवा बताया है आज गौरीभाऊ के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र की कामना उस व्यक्तित्व के लिये है उन्होंने सबके लिए राजनीति की नई परिभाषा और आयाम स्थापित किये है। उक्ताशय की बातें बालाघाट नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने नपा द्वारा पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के जन्मदिन पर 1 जनवरी को आयोजित स्वास्थ्य शिविर, लोकार्पण, भूमिपूजन, स्वच्छता महाअभियान तथा जिला चिकित्सालय में मरीजों को भोजन वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का स्वामित्व हितग्राहियों को सौंपने के दौरान कही।

**स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान एवं विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन :** नपाध्यक्ष ने बताया कि गौरीभाऊ हमारे मार्गदर्शक है उनके द्वारा दी गई सीख से ही हम विकास कार्यो को निरंतर आगे बढ़ा रहे है। जन्मदिन के अवसर पर नपा द्वारा नगर में स्वच्छता महाअभियान प्रारंभ किया है, प्रत्येक वार्डो में साफ-सफाई निरंतर जारी रहेगी। इसके साथ ही सरेखा स्थित संजीवनी क्लिनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया तथा रक्तजांच, ब्लड प्रेशर, शुगर परीक्षण के साथ ही अन्य रोगों से संबंधित मरीजों को लाभान्वित कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही इतवारी गंज सब्जी मण्डी में नवनिर्मित पार्किंग स्थल का भूमिपूजन किया गया तथा आरसीसी नाली निर्माण एवं सड़क निर्माण कार्य के लिये भी भूमिपूजन हुआ।

**नवनिर्मित आवास का 20 हितग्राहियों को सौंपा स्वामित्व :** नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने बताया कि गौरीभाऊ की दूरदृष्टि इसी से झलकती है कि बालाघाट नपा के पास प्रधानमंत्री आवास शहरी प्रोजेक्ट के लिये एक समय भूमि उपलब्ध नहीं थी, जिसकी चिंता करते हुए गौरीभाऊ ने प्रयास किये और भटेरा ग्राम पंचायत की भूमि को नगरपालिका के लिये राज्य शासन से आवंटित कराया है। आज नवनिर्मित आवास के रूप में यह परियोजना साकार हुई है तो गौरीभाऊ के प्रयत्नों का ही प्रतिफल है कि आज सैकड़ों परिवार पक्के मकान से लाभान्वित हो रहे है। 1 जनवरी की दोपहर सेवा दिवस मनाते हुए गौरीभाऊ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 20 हितग्राहियों को नवनिर्मित आवास का अधिपत्य सौंपकर लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी गई।

**भाऊ हमारी प्रेरणा है उनका सेवा संकल्प अविस्मरणीय :** नपाध्यक्ष ने गौरीभाऊ के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए कहा भाऊ ऐसे व्यक्तित्व है जिन्होंने जनसेवा को स्थापित करते हुए बालाघाट जिले के लिये विकास के द्वारा खोले है। आज उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि नगर में सरेखा आरओबी यातायात में सुगमता ला रहा है, अंडरब्रिज का निर्माण हुआ है। साथ ही गर्रा और भटेरा में आरओबी निर्माण कार्य चल रहा है। अनगिनत विकास कार्य ऐसे है जो हम उनके ही मार्गदर्शन में पूरा करते हुए निरंतर सौगात दे रहे है। भाऊ के सेवा संकल्प अविस्मरणीय है इसी से प्रेरणा लेकर हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन खिलाया गया।

**इनकी रही उपस्थिति :** निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में गौरीभाऊ भी पहुंचे जिन्होंने सेवाभावी कार्यो की प्रशंसा करते हुए उत्साह बढ़ाया। उनके जन्मदिन पर नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति संगीता कावरे, योगिता बोपचे, कमलेश पांचे, उज्जवल आमाडारे, खगेश कावरे, विनय बोपचे, गजेन्द्र भारद्वाज, जैनेन्द्र कटरे, राजेश लिल्हारे, संजू वराड़े, अखिलेश चौरे, सीएमओ बीडी कतरोलिया, इंजी. सुमित मोटवानी, नपा के स्वास्थ्य, नियोजन एवं अन्य शाखाओं के कर्मचारियों के अलावा, गणमान्य नागरिक, वार्डवासी तथा पीएम आवास योजना स्वामित्व पाने वाले हितग्राहियों की उपस्थिति रही।